हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 18 जुलाई 2026



### शराब दुकानों में ओवररेट बिक्री पर एक्शन

# उपनिरीक्षक सस्पेंड, आबकारी अधिकारी के नाम नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले में मदिरा दुकानों में तय कीमत से अधिक दर पर शराब बेचने के गंभीर मामले सामने आने के बाद राज्य आबकारी विभाग ने बेहद सख्त कदम उठाया है। आबकारी आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी पृथक आदेशों के तहत एक तरफ जहां संबंधित वृत्त प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ जिला आबकारी अधिकारी के खिलाफ शिथिल नियंत्रण और कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग संभाग की टीम द्वारा मदिरा दुकानों के किए गए औचक निरीक्षण और छद्म ग्राहकों के माध्यम से कराई गई जांच में यह पूरी गड़बड़ी खुलकर सामने आई है। जिससे पूरे महकमे में हड़कंप मच गया है। बताया गया कि इस मामले में आगे भी ऐसे ही कार्रवाई का दौर जारी रह सकता है।

विभागीय जांच रिपोर्ट के अनुसार पहली बड़ी अनियमितता 2 जुलाई को मंडी बाइपास लखोली रोड स्थित कम्पोजिट मदिरा दुकान में पाई गई, जहां पदस्थ मल्टीवर्कर शुभम कुमार भोईर ने शासन द्वारा निर्धारित एक सौ बीस रुपए प्रति नग वाली 20 जम्मू स्पेशल व्हीस्की की बोतलें 2400 रुपए के स्थान पर 2500 रुपए में बेच दी। इसी तरह की दूसरी बड़ी गड़बड़ी रेवाडीह स्थित कम्पोजिट मदिरा दुकान क्रमांक एक में पकड़ी गई, जहां सेल्समैन हरीश साहू ने सुप्रीम डीलक्स व्हीस्की के 20 नग पाव निर्धारित दर 2400 रुपए के बजाय 2500 रुपए में बेचे।

## संभाग स्तर की टीम ने दस्तक देकर की कार्रवाई



### सौ-सौ रुपए की अधिक वसूली

दोनों ही मामलों में ग्राहकों से सौ-सौ रुपए अधिक वसूल कर अवैध लाभ कमाया जा रहा था। संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग संभाग की टीम ने इन दोनों दुकानों पर अचानक छापा मारकर छद्म क्रेताओं के माध्यम से इस ओवररेटिंग का पर्दाफाश किया और दोनों जगहों पर निर्धारित दर से अधिक पैसे वसूलने की पुष्टि होने के बाद छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए।

### ऑनलाइन पेमेंट शुरू

प्रदेशभर में अब सरकारी शराब दुकानों में शराब लेने वाले ग्राहकों को ऑनलाइन पेमेंट की भी व्यवस्था दे दी गई है। प्रदेशभर में ओवररेटिंग रोकने और चिल्लर की समस्या खत्म करने के मकसद से दुकानों पर ई-पॉस मशीनें और डिजिटल क्यूआर कोड की सुविधा दी जा रही है। हालांकि कुछ ग्रामीण और देशी शराब दुकानों में अभी भी इसे शत-प्रतिशत लागू होने में व्यवहारिक चुनौतियां आ रही है। इस सूविधा से ग्राहकों को राहत भी मिली है।

### प्रीमियम दुकानों से भी शिकायतें

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर स्थित प्रीमियम शॉप से भी लगातार ओवररेट पर बिक्री की शिकायतें सामने आ रही है। बताया गया कि बीयर की बोतलों को ठंडा करने के एवज में ग्राहकों से अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं। हर बोतल में 5 से 10 रुपए अधिक लेने की बातें सामने आई है। इसके अलावा देशी दुकानों से भी यह शिकायतें सामने आती रही है।

### दो अफसरों पर एक्शन

आयुक्त कार्यालय ने इन मामलों को बेहद गंभीरता से लेते रेवाडीह दुकान के प्रभारी और वृत्त प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक दिलीप कुमार प्रजापति को कर्तव्यों में घोर लापरवाही और उदासीनता बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, क्योंकि उनके क्षेत्र में इतनी बड़ी अनियमितता पाई गई, जो उनके शिथिल नियंत्रण को दर्शाती है। इसके साथ ही जिला आबकारी अधिकारी राजेश शर्मा को भी अपने प्रभार क्षेत्र में प्रभावी नियंत्रण न रख पाने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।






## खबर संक्षेप

### सामान्य सभा की बैठक 20 को

**डोंगरगांव।** जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आगामी 20 जुलाई को सामान्य सभा की बैठक रखी है। बैठक में पूर्व बैठक, सभी विभाग में चल रहे निर्माण कार्य एवं नये स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की जाएगी। जनपद पंचायत की स्थायी समिति में रिक्त पद को भरने पर चर्चा करने के अलावा स्थायी समितियों की बैठक की समीक्षा, गौण खणिज वित्तीय वर्ष 2021-22 की राशि जो 2026-27 में प्राप्त होगी से कराए जाने वाले कार्यों का अनुमोदन किया जाएगा।

### मॉर्निंग वॉक ग्रुप ने मनाया स्थापना दिवस

**डोंगरगढ़।** नेहरू स्टेडियम मॉर्निंग वॉक ग्रुप ने प्रथम स्थापना दिवस का आयोजन किया।



कार्यक्रम में ग्रुप के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, महिला मंडल अध्यक्ष सुमन डोंगरे तथा अन्य अतिथियों ने की। इसके बाद मॉर्निंग वॉक ग्रुप की गतिविधियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि मॉर्निंग वॉक ग्रुप केवल सुबह टहलने वालों का समूह नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, मित्रता, अनुशासन, आत्मीयता और सकारात्मक सोच से जुड़ा एक परिवार है। इस समूह ने लोगों को नियमित व्यायाम, स्वस्थ जीवनशैली और सामाजिक जुड़ाव के लिए प्रेरित किया है। इस मौके पर सदस्यों ने हास्य-व्यंग्य, गीत-संगीत और मनोरंजक प्रस्तुतियों से सभी का मनोरंजन किया।इस दौरान सदस्यों ने स्वस्थ, अनुशासित जीवनशैली अपनाने का संकल्प दोहराया।

### आईटीआई भवन का निरीक्षण

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने नवीन जवाहर नवोदय विद्यालय संचालन के लिए प्रस्तावित आईटीआई भवन एवं छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के संचालन के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने 40 सीटर नवोदय आवासीय विद्यालय के संचालन के लिए प्रस्तावित कक्षाओं एवं छात्रावास भवन का अवलोकन किया। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आईटीआई हॉस्टल भवन का लेआउट तैयार कर विद्यालय के संचालन के अनुरूप आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### तेंदूपत्ता संग्राहकों को 30 करोड़ का भुगतान

**मोहला।** अंचल में वर्ष 2026 में 39 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों अंतर्गत 40 लॉट में 502 फड़ों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण किया गया। मई में कुल 55 हजार 741.7 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण 37 हजार 131 संग्राहक परिवारों ने किया गया। इस संग्रहण के एवज में संग्राहक परिवारों को 30 करोड़ 65 लाख 79 हजार 350 रुपए का भुगतान किया गया है। इसके अतिरिक्त फरवरी-मार्च में तेंदूपत्ता बूटा कटाई के लिए 40 लाख 51 हजार 154 रुपए का भुगतान किया गया। वर्ष 2023 के तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए जिले की 33 हजार 363 संग्राहक परिवारों को 11 करोड़ 97 लाख 98 हजार 934 रुपए बोनस के रूप में देन की कार्रवाई जारी है।

### शिक्षिका ने बच्चों जैसी ड्रेस किया तय

**डोंगरगांव।** प्राथमिक शाला अडाम की शिक्षिका ने बच्चों में अनुशासन, समानता और आत्मीयता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से सराहनीय नवाचार किया है।



उन्होंने स्वयं भी विद्यार्थियों की तरह ड्रेस पहनकर विद्यालय आना शुरू किया है। शासन ने बच्चों के लिए नया ड्रेस कोड निर्धारित किया है। शिक्षिका कोनिका सोनी ने अपने लिए उसी रंग और पैटर्न के कपड़े का ड्रेस बनवाकर स्कूल आना शुरू कर किया है। उनका मानना है कि शिक्षक का आचरण ही विद्यार्थियों के लिए सबसे बड़ी सीख होती है। जब शिक्षक स्वयं विद्यालय के नियमों का पालन करते हैं, तो बच्चे भी स्वाभाविक रूप से अनुशासित रहते हैं। प्रधानपाठक महेंद्र पाटिल सहित शिक्षकों ने श्रीमती सोनी की इस पहल की सराहना करते हुए इसे अन्य के लिए प्रेरणादायक बताया है।

### पौधे लगाकर सुरक्षा भी करें: गिरिराज

**छुईखदान।** रथयात्रा के पावन अवसर पर जगन्नाथ मंदिर परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में राजा



गिरिराज किशोर दास, जिला इंका अध्यक्ष कोमलदास साहू के नेतृत्व में पौधे लगाए गए। क्षेत्रवासियों ने भी उत्साहपूर्वक आयोजन में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर राजा गिरिराज किशोर दास ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, उसकी नियमित देखभाल और सुरक्षा करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के अभाव में पौधे नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से पौधों की रक्षा करने और उन्हें वृक्ष बनने तक संभालने की अपील की। जिला इंका अध्यक्ष कोमल दास साहू ने कहा कि जो व्यक्ति पेड़ लगाता है, उस पर ईश्वर की कृपा रहती है। उन्होंने कहा कि पेड़ मानव जीवन के लिए अमूल्य धरोहर हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को पौधे लगाना चाहिए। इस मौके पर सज्जाक खान, सुशीलकांत पांडे, रिंकू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंडरब्रिज में बढ़ा यातायात का दबाव, वैकल्पिक व्यवस्था आवश्यक

# बारिश में तालाब बना अंडरब्रिज फिसलन से दो दिन में 20 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में करोड़ों की लागत से निर्मित अंडरब्रिज लोगों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहा है। बारिश होते ही अंडरब्रिज में पानी भरने से यातायात प्रभावित हो जाता है, वहीं बारिश थमने के बाद सड़क पर फिसलन के कारण वाहन चालक आदि दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यह अंडरब्रिज भविष्य में बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बारिश होने के बाद पिछले दो दिनों में 15 से 20 मोटरसाइकिल सवार अंडरब्रिज में दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं जिसमें स्कूल जाने वाले कई छात्र भी शामिल हैं। दुर्घटनाओं में करीब 20 लोगों के घायल होने की खबर है। लोगों का कहना है कि अंडरब्रिज के भीतर की सड़क फिसलन भरी हो गई है जिससे वाहन चालक संतुलन खोकर गिर रहे हैं।

### आवाजाही में लोगों को परेशानी



#### अंडरब्रिज में जल भराव

बारिश होने के दौरान अंडरब्रिज में जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी है। पानी भरने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो जाता है और वाहनों की कतारें लग जाती हैं। पानी निकलने के बाद भी सड़क सुरक्षित नहीं रहती, क्योंकि कीचड़ और फिसलन के कारण वाहन चालकों के लिए वहां से गुजरना जोखिम भरा हो जाता है।

#### रात में पसरा रहता है अंधेरा

अंडरब्रिज के भीतर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था का अभाव है। दिन में भी अंडरब्रिज में अंधेरा रहता है। यहां स्ट्रीट लाइटें के बंद रहने से वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को जोखिम का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने नगर पालिका एवं रेलवे प्रशासन से अंडरब्रिज में जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने, फिसलन रोकने के लिए उपाय करने, नियमित सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने की मांग की है।

#### परेशान होते हैं श्रद्धालु

सबसे अधिक चिंताजनक स्थिति शारदीय और चैत नवरात्रि के दौरान तब हो जाती है, जब मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस दौरान अंडरब्रिज वाले मार्ग पर भीड़ और वाहनों का दबाव रहता है, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को पैदल आवागमन में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नीचे मंदिर- कॉलेज रोड मार्ग पहले से ही सकरी होने से यातायात का दबाव रहता है जिसे देखते हुए शहर को वैकल्पिक एवं सुरक्षित मार्ग की आवश्यकता है। नागरिकों का मानना है कि भविष्य की यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में गंभीरता से पहल करनी चाहिए।

## जागृत ने रचा इतिहास, राष्ट्रीय परीक्षाओं में हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



नगर के प्रतिभावान छात्र जागृत अग्रवाल ने वर्ष 2026 में दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया है। एक ही वर्ष में इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले वह पहले छात्र बन गए हैं। जागृत ने अथक मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन से परिवार के साथ शहर और अग्रवाल समाज का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि अन्य के लिए प्रेरणास्त्रोत है। नवोदय एवं प्रयास कोचिंग के संचालक अजय अग्रवाल के पुत्र जागृत अग्रवाल ने दोनों राष्ट्रीय परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। उनका ऑल इंडिया रैंक लगभग 7200 के आसपास है, जिसके आधार पर उन्हें प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश मिलने की संभावना है। उनकी उपलब्धि छोटे शहर के विद्यार्थियों के लिए यह संदेश है कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर प्रयास से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि के लिए अग्रवाल समाज, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों, शुभचिंतकों तथा नगरवासियों ने बधाई दी है।

## प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के सदस्य आएंगे 19 को



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक समता कॉलोनी रायपुर स्थित समाज भवन में आयोजित की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने भगवान अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में एजुकेटेड परिचय सम्मेलन सहित विभिन्न आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि 19 जुलाई को मंच परिवार डोंगरगढ़ पहुंचेगा, जहां सभी सदस्य मां बम्लेश्वरी देवी का दर्शन -पूजन करेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 15 जुलाई से सभी संभागों में बैठकों का दौर प्रारंभ किया जाएगा, जिसके माध्यम से कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों को सफल बनाया जाएगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भगवान अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, स्मृति अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, गणेश राठी सहित अन्य शामिल हुए।

## पूजा अर्चना का भव्य आयोजन



**डोंगरगढ़।** वार्ड 3 में पूर्व पार्षद सौमित्र सोनी ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ भगवान भोलेनाथ मंदिर में विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना एवं श्री राधा-कृष्ण की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर के उन्नयन, सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रकाश बिंदल, प्रिंस कक्कड़, संतु राव, मॉन्टी भाटिया, विक्की भाटिया, वीरेंद्र साहू, अखिलेश गढ़वाल, मयंक डोंगरे सहित अन्य शामिल हुए।

## शहीदों की स्मृति में रक्तदान



**डोंगरगढ़।** छात्र युवा मंच के स्थापना दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय युवा प्रकोष्ठ, छात्र युवा मंच, सतनाम ब्लड डोनेशन ग्रुप एवं परमालकसा के ग्रामीणों के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत खुर्शीपार के उप सरपंच भागवत वर्मा ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रक्तदान किया। यह आयोजन 12 जुलाई 2009 को कोरकोट्टी में हुए नक्सली हमले में शहीद जवानों की स्मृति में किया गया था। आयोजकों ने इस मौके पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित किया। सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगी संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र व पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया।

## अविनाश और खुशी बने किशोर भारती के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 17 जुलाई को किशोर भारती एवं कन्या भारती का गठन किया गया। गठन के बाद पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया। मुख्य अतिथि आचार्य हृदयराम पटेल थे। अध्यक्षता शांति निर्मलकर ने की। विशेष अतिथि हेमा साहू, नेमूदास साहू, केशव पटेल, अमनोल पगारे थे।

आचार्य श्री पटेल ने दायित्व का निर्वहन निष्ठा एवं ईमानदारी से करने प्रेरित किया। नियुक्त किए गए पदाधिकारियों में भैया वर्ग से अध्यक्ष अविनाश नायक, उपाध्यक्ष खुमान मेश्राम, सचिव रोहन देवांगन, सह सचिव शुभम देवांगन, सेनापति अमन चौहान, सह सेनापति जितेन्द्र देवांगन, अनुशासन प्रमुख संकल्प वैष्णव, सह प्रमुख इंद्रजीत साहू, प्रार्थना प्रमुख कृतज्ञ दुबे, सह प्रमुख शिवम साहू, घोष प्रमुख अमित हिरवानी, सह प्रमुख डगर श्रीवास, क्रीडा प्रमुख तामेश्वर देवांगन, सह प्रमुख चैतन्य पटेल, सांस्कृतिक प्रमुख चिराग साहू, सह प्रमुख शीतल रजक, बागवानी प्रमुख दुष्यंत विश्वकर्मा, सह प्रमुख श्रीकांत वैष्णव, स्वच्छता प्रमुख त्रिभुवन भारद्वाज, सह प्रमुख सागर साहू, चिकित्सा प्रमुख युवराज साहू, सह प्रमुख टिवेन्द्र, खोया-पाया प्रमुख लक्ष्मण देवांगन, सह प्रमुख रोहन साहू, प्रचार-प्रसार प्रमुख कान्हा कुंभकार, सह प्रमुख तरूण साहू हैं।

### कन्या भारती का भी गठन

इसी प्रकार बहन वर्ग में अध्यक्ष खुशी साहू, उपाध्यक्ष भावना सोनी, सचिव काजल देवांगन, सह सचिव नूरांजलि धरमगुड़ी, सेनापति चंचल पटेल, सह सेनापति दिव्या नेताम, अनुशासन प्रमुख कशिश देवांगन, सह प्रमुख रेशमा पारधी, प्रार्थना प्रमुख शिवानी साहू, सह प्रमुख कृतिका साहू, घोष प्रमुख कशिश देवांगन, सह प्रमुख अंजली, क्रीडा प्रमुख लक्ष्मी यादव, सह प्रमुख तोषिक साहू, सांस्कृतिक प्रमुख नैना सोनकर, सह प्रमुख माही यादव, बागवानी प्रमुख दीपा कुंभकार, सह प्रमुख गुनिता साहू, स्वच्छता प्रमुख थामेश्वरी साहू, सह प्रमुख नेहा साहू, चिकित्सा प्रमुख नम्रता साहू, सह प्रमुख वर्षा ठाकुर, खोया-पाया प्रमुख लता साहू, सह प्रमुख गरिमा साहू, प्रचार-प्रसार प्रमुख सानिया देवांगन, सह प्रमुख विनिता साहू एवं विद्युत प्रमुख विनीत यादव, महिमा पाड़े, सह प्रमुख हर्ष साहू, भुमिका साहू, जल प्रमुख आशीष, पुजा साहू, मयंक, लीना साहू हैं।

## मांगों को लेकर मिले सिंहदेव से

**डोंगरगांव।** राजनैतिक मतभेद भूलकर कांग्रेस और भाजपा के जन प्रतिनिधियों ने उमरवाही को विकासखंड का दर्जा, महाविद्यालय की स्थापना और तहसील का दर्जा देने की मांग को लेकर रायपुर में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव सहित मंत्रियों से मुलाकात की। खुज्जी क्षेत्र के ग्रामीणों ने गुरुवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव से मुलाकात कर उमरवाही में कॉलेज खोलने सहित अन्य मांगो से अवगत कराते हुए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि कालेज खोलने की मांग काफी लंबे समय से लंबित है। यहां कालेज खुलने से अंचल के साथ डौंडी लोहरा क्षेत्र के बच्चों को भी लाभ मिलेगा। श्री सिंहदेव ने ग्रामीणों की बातों को सुना और क्षेत्र की जरूरत को देखते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी और उच्च



शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा से आवश्यक पहल करने कहा।

उन्होंने शीघ्र ही उमरवाही प्रवास पर आने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा नेता रमजान बड़गुजर, लक्ष्मीचंद सांखला, शेख निजामुद्दीन, रामाधीन रावटे, कौशल चंद्रवंशी, गेंदलाल, रतनलाल, सुंदरलाल, काजल मंडावी, मनोज नायक, मिथलेश कुंजाम, चंदूलाल पटेल, रतिराम कोरेटी, दीपक, राकेश, बिंझवार, लखनलाल, खेदूराम, कांशीराम, दीपक, हीर सिंग, चंदूलाल, चरण यादव, मानसिंह मंडावी, देव प्रसाद आदि मौजूद थे।


**नाम सुधार**

मैं संत्री बाई साहू, पति स्व. थान सिंह, उम्र 35 वर्ष, मकान नं. 11, वार्ड नं. 11, ग्राम ताड़ो, तहसील खड़गांव, जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी (छ.ग.) की निवासी हूं। यह कि मेरी पुत्री के शैक्षणिक / जन्म प्रमाण पत्र में नाम तेजस्विनी साहू (TEJASWINI SAHU) दर्ज है। किंतु आधार कार्ड में नाम तेजस्वनी साहू (TEJSVANEE SAHU) दर्ज है। नाम में एकरुपता लाने हेतु मैं मेरी पुत्री का नाम तेजस्विनी साहू (TEJASWINI SAHU) रखना चाहती हूं। इसके चलते मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं समस्त दस्तावेज जिसमें तेजस्वनी साहू (TEJSVANEE SAHU) दर्ज है के स्थान पर सुधार कर तेजस्विनी साहू (TEJASWINI SAHU) दर्ज कराना चाहती हूं।

अतः समस्त संस्था, बैंक, शासकीय अर्धशासकीय संस्थानों में मेरी पुत्री को तेजस्विनी साहू (TEJASWINI SAHU) के नाम से जाना, पहचाना व लिखा जावे।

- शपथकर्ता -

**संत्री बाई साहू, पति स्व. थान सिंह**
मकान नं. 11, वार्ड नं. 11, ग्राम ताड़ो, तहसील खड़गांव, जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय मे**
**मामला क्रमांक: 202607092200023**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
**विषय:- ब-121 सन:- 2025-2026**
**डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [( हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार - कविता जोशी उर्फ़ चन्द्रावती,**
**अनावेदक पक्षकार -**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका कविता जोशी उर्फ चन्द्रावती पिता स्व. मोहनलाल शर्मा पति विनोद जोशी जाति ब्राम्हण निवासी कामथ पो. मुलताई तहसील व जिला बैतूल (मध्यप्रदेश) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है. कि मोहन लाल शर्मा आ. रामसाय शर्मा निवासी महावीर पारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) मेरे पिता है। मेरे पिता मोहन लाल शर्मा आ. रामसाय शर्मा की दिनांक 21/02/2021 को मृत्यु हो चुकी है तथा उनका मृत्यु प्रमाण पत्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) से पंजी.स. D-2021-22-90150-000003 पंजी एवं जारी तारीख 23/02/2021 को प्राप्त किया है तथा पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र में मेरी माता का नाम जमुना बाई शर्मा दर्ज किया गया है जबकि मेरी माता का सही नाम देवकी बाई शर्मा है जिसके कारण काफी परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है। अतः आवेदिका कविता जोशी उर्फ चन्द्रावती द्वारा अपने पिता मोहन लाल शर्मा आ. रामसाय शर्मा के मृत्यु प्रमाण पत्र में दर्ज माता का नाम जमुना बाई के स्थान पर देवकी बाई किये जाने का निवेदन किया है। मो. 9589189122

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 31/07/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/07/2026 को जारी किया जाता है।

AMIY SHRIVASTAVA
तहसीलदार
मुहर तहसील -डोंगरगढ़



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


# देव, शास्त्र व गुरू से ही मानव का कल्याण



■ खुद को पहचाने और करें अरिहंत की भक्ति : आज्ञांजना श्री जी

**अर्जुनी।** आज मानव अपने अस्तित्व को भूल चुका है। वह यह भी भूल गया है कि उसे मनुष्य भव क्यों मिला है? देव, शास्त्र और गुरु की शरण में मनुष्य रहे तो उसका कल्याण संभव है किंतु उसे इसके लिए पूरी निष्ठा के साथ प्रयत्न करना होगा।

उक्त उदगार डॉ. विद्युतप्रभा श्रीजी म.सा.की सुशिष्या साध्वी आज्ञांजना श्रीजी ने ग्राम के श्रावक श्राविकाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर साध्वी श्री आगमरूचि श्रीजी म.सा. भी मौजूद थी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के जैसलमेर से चातुर्मास के निमित्त से पद विहार करते हुए जैन साध्वियां यहां पहुंची हैं। साध्विवृन्द का चातुर्मास डोंगरगांव में होना प्रस्तावित है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन कई योनियों में भटकने के बाद मिलता है इसलिए इस जीवन का उपयोग धर्म, शास्त्र और गुरु की भक्ति के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएम की जितनी भी सेवा करें, किंतु पीएम नहीं बन सकते परंतु अरिहंत की भक्ति करते हैं तो हम भी अरिहंत बन सकते है। अरिहंत बनने के लिए निष्ठा का होना भी आवश्यक है क्योंकि हम जैसा सोचते है वैसा ही बनते हैं। सफल खिलाड़ी बनने के लिए जिस प्रकार निरंतर प्रैक्टिस करने की जरूरत होती है उसी तरह सभी में यह संकल्प होना चाहिए कि हमें भगवान बनना है। भगवान सिंहासन देने तैयार है जिसे पाने के लिए हमें ही आगे बढ़ना होगा।

### भक्ति से भगवान की प्राप्ति

उन्होंने आगे कहा कि भगवान की भक्ति करने से परमात्मा बन सकते है। भक्ति से ही मानव का कल्याण संभव है किन्तु जरूरी है कि हम खुद के स्वरूप को पहचाने और भगवान बनने की दिशा में प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जीवन में यह जानना बेहद जरूरी है कि हम दुनिया में क्यों आए हैं? और हमें मनुष्य भव क्यों मिला है?

## संचालनालय का फरमान, कलेक्टोरेट, डीईओ और बीईओ में पसरा सन्नाटा

# शासन ने दी 'बेक्र इन सर्विस' की चेतावनी, 43 कर्मचारी हुए रिलीव

## मूल पदस्थापना वाली जगहों पर रवानगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की मूल पदस्थापना वाली जगहों पर रवानगी को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश से कलेक्टोरेट के अलावा जिला और ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का समूचा काम काज ठप्प पड़ने की संभावना बढ़ गई है। नए जिले मे कर्मचारियो की कमी के चलते हुए शिक्षा विभाग के गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जिला कार्यालय में संलग्र किया गया था।

इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में काम की अधिकता के चलते विभाग के गैर शैक्षणिक स्टाफ को संलग्र कर काम लिया जा रहा था। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 14 जुलाई को जारी आदेश में स्पष्ट तौर से कहा गया है कि मूल संस्था में उपस्थिति आनलाइन एप के माध्यम से नही देने पर उनका जुलाई महीने का वेतन रोक दिया जाएगा। उक्त आदेश के बाद से जिला कार्यालय में संलग्र शिक्षा विभाग के बाबूओ के पास वित्त, परीक्षा, राहत व राजस्व, अभियोजन, स्थापना, डीएमएफ, स्थानीय निर्वाचन, भंडार, नजूल जैसे जरूरी शाखाओं में जिम्मेदारी वाला काम था।

संचालनालय द्वारा जारी आदेश में पुराने ओदश का हवाला देते हुए कहा गया है कि विभाग अंतर्गत कार्यरत गैर शैक्षणिक कर्मचारियों का संलग्रीकरण समाप्त कर मूल पदस्थ संस्था या कार्यालय में आनलाईन ऐप में पंजीकरण कर उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। विभाग ने यह भी कहा कि आदेश के परिपालन में विलंब को सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत कदाचार की श्रेणी का माना जाएगा इसलिए सभी संलग्र कर्मचारी को एक सप्ताह के भीतर मूल संस्था में उपस्थिति दे अन्यथा जुलाई महीने का वेतन रोक दिया जाएगा साथ ही और अनुशासनात्मक कारवाई भी की जाएगी।




### एक बाबू के भरोसे टिका बीईओ कार्यालय

संचालनालय के उक्त आदेश से कलेक्टारेट, जिला व ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भी वरिष्ठ अधिकारियों के सामने समय पर काम पूरा करना चुनौती बन गया है क्योकि बीते कई सालों से यही कर्मचारी समूचा काम काज बखूबी संभाले हुए थे। जानकारी अनुसार जिला कार्यालय में आज की स्थिति में राजस्व विभाग के महज पांच कर्मचारी कलेक्टर सहित चार बड़े अधिकारियों के पास काम कर रहे है। ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संचालनानय का आदेश मानने के बाद महज तीन एक बाबू और दो भृत्य ही बच जाएंगे। जिनके उपर साइकिल वितरण, पाठ्यपुस्तक, मध्यांह भोजन, छात्रवृत्ति, वेतन, पेंशन प्रकरण, गणवेश, सांख्यिकी के अलावा समय समय पर जारी होने वाले विभागीय आदेशों का क्रियांवयन कठिन हो जाएगा। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 11 कर्मचारियों की मूल संस्था में वापसी बाद महज पांच नियमित कर्मचारी बच जाएंगे जिनके सिर पर जिले की शिक्षण व्यवस्था को बनाए रखना आने वाले समय बड़ी चुनौती साबित होगी।

### ब्रेक इन सर्विस की मिली थी चेतावनी

लोक शिक्षण संचालनालय ने 14 जुलाई को आदेश जारी कर गैर शैक्षणिक कर्मचारियों का संलग्रीकरण समाप्त कर मूल संस्था मे एक सप्ताह के भीतर वापस नही होने पर वेतन रोकने और अनुशासनात्मक कारवाई की चेतावनी दी थी वही दूसरे ही दिन 15 जुलाई को पत्र जारी कर जिला शिक्षा अधिकारियों को उक्त आदेश का पालन नही करने और निर्धारित समय सीमा में ज्वाइंनिंग नही देने के बाद उनके कार्यभार ग्रहण तक की तिथि को ब्रेक इन सर्विस संबंधी प्रस्ताव भेजने कहा था। जिसके चलते कर्मचारियों ने भी मूल संस्था वापसी का मन बना लिया और लगभग सभी कर्मचारी संलग्र संस्था से रीलिफ हो गए है।

### रीलिफ किया गया

संचालनालय के आदेश के परिपालन में कार्यालय में संलग्र 11 कर्मचारियों को मूल संस्था में वापसी के लिए रीलिफ कर दिया गया है।

- **मुकुल केपी साव,** डीईओ

# पुलिस अधिकारियों ने किया संवाद

## बकरकट्टा थाना में मौजूद रहे एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

आम लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्या शिकायतों को जानने एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा के मार्गदर्शन में जारी थाना दिवस कार्यक्रम को बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। पुलिस एवं आमजन के मध्य समन्वय, विश्वास एवं संवाद को सुदृढ़ बनाने, उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जारी कार्यक्रम दौरान जिला पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकियों में थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित कर जनप्रतिनिधियों, आम लोगों को आमंत्रित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों व सुझावो पर खुली चर्चा की जाती है।

साल्हेवारा और बकरकट्टा थाना में एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा ने स्वयं मौजूद होकर नवीन कानून संहिता की विस्तृत चर्चा कर नवीन कानून की महत्ता पर विशेष बल दिया और बताया गया कि नवीन कानून लागू हो जाने के बाद आम नागरिकों में कानून के प्रति विश्वास और कम समय में निराकरण जैसे परिणाम सामने आ रहा है जो निश्चित ही आने वाले समय में अत्यंत कारगर और सुखद साबित होगा। एएसपी नितेश कुमार गौतम ने खैरागढ़ व छुईखदान थाने में, मुख्यालय एएसपी रमेश चंद्रा गंडई थाने में, मुख्यालय एएसपी प्रदीप येरेवार मोहगांव थाना में, एसडीओपी आशारानी द्वारा ठेलकाडीह व गातापार जंगल थाना में, एसडीओपी गंडई मानकराम कश्यप ने जालबांधा पुलिस चौकी में उपस्थित होकर आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया।

साथ ही साइबर फ्रॉड, नवीन आपराधिक कानून, महिला व बाल सुरक्षा, यातायात नियमो के पालन सहित साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत ग्रामों, वार्डों में साइबर और यातायात जागरूकता अभियान चलाने आवश्यक निर्देश दिया।




### सुझावों पर अमल करने दिया मौके पर निर्देश

थाना दिवस कार्यक्रम दौरान अधिकारियों ने आवारा मवेशियों के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर पुलिस स्टाफ के साथ-साथ आम नागरिकों को भी मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखने की समझाइश दी। साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने, संदिग्ध कॉल, साइबर ठगी के प्रयासों की जानकारी चक्षु पोर्टल पर दर्ज कराने जागरूक किया वही किसी भी प्रकार की आपातकालीन सहायता को लेकर डायल 112 सेवा के माध्यम से त्वरित मदद उपलब्ध कराने की जानकारी दी।

### निराकरण के निर्देश

उपस्थित नागरिकों द्वारा शराब बिक्री, सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन, गांजा व नशीले पदार्थों के सेवन, शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कारवाई, साइबर अपराध, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन, शैक्षणिक संस्थानों के बाहर धूम्रपान सहित मवेशियों के कारण उत्पन्न अव्यवस्था और सड़क दुर्घटनाओं जैसी समस्याओं से संबंधित शिकायतों साथ अपना अपना सुझाव भी दिया जिस पर संबंधित थाना प्रभारियों को त्वरित कारवाई सुनिश्चित करने कहा गया। वही साइबर अपराधों व महिला बच्चों से संबंधित मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने कहा गया। कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारियों द्वारा यह संदेश दिया गया कि जिले में शराबखोरी, नशाखोरी सहित किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 10 बीज विक्रय केंद्रों को नोटिस जारी

**मोहला।** किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा व्यापक कार्रवाई की जा रही है। जिले में अब तक उपलब्ध बीजों का 93 प्रतिशत तथा उर्वरकों का 82 प्रतिशत वितरित किया जा चुका है। किसानों को यूरिया एवं डीएपी की आवश्यक मात्रा उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं कालाबाजारी, अवैध भंडारण और अनियमितता पर अंकुश लगाने के लिए सघन निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान 10 बीज विक्रय केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जबकि खेती मित्र कृषि केंद्र मोहला की बीज अनुज्ञप्ति निरस्त कर दी गई।

## निधन

### सुनैना गुप्ता



**डोंगरगांव।** नगर की वरिष्ठ महिला सुनैना गुप्ता का गत दिनों निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में पारिवारिक एवं सामाजिक जनों की मौजूदगी में किया गया। 85 वर्षीय श्रीमती गुप्ता अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है। वह नगर के कारोबारी बृजमोहन गुप्ता की माताजी थी। उनके निधन पर सामाजिकजनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# प्रधान संपादक ने किया रामलाल को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य नवाचार और समाज, राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में हरिभूमि के प्रधान सपांदक डा. हिमांशु द्विवेदी ने ब्लाक के कट्टहा नवागॉव प्राशा में पदस्थ प्रपा रामलाल साहू को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया।

राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा आयोजित स्व हरिवंश मिश्रा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी, कार्यक्रम अध्यक्ष एनआर स्टील के संस्थापक शिक्षाविद संजय अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि रविशंकर शुक्ल विवि के पूर्व विभागाध्यक्ष व रेल मंत्रालय के राजभाषा सलाहकार चितरंजन कर और आयोजन समिति के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्णानंद मिश्रा थे। संपूर्ण जीवन काल शिक्षा, अनुशासन और समाज सेवा में होम करने वाले पूर्व प्रधान पाठक स्व हरिवंश मिश्रा को समर्पित राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में देश भर से 700 आवेदन मिला था जिसमें राज्यपाल पुरुष्कृत शिक्षकों के पैनल द्वारा निर्धारित मानकों और भौतिक सत्यापन द्वारा उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन कर देश के विभिन्न राज्यों से 250 शिक्षकों को सम्मान के लिए चुना गया। खैरागढ़ ब्लाक से प्रधान पाठक रामलाल साहू के अलावा कुसुमलता ध्रुव व महदीप जंघेल को भी सम्मानित किया गया।

# विस घेराव में शामिल हुए जिले के 600 शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक /समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर ,संयोजक मनीष मिश्रा व बसंत कौशिक की अपील पर राजधानी के तूता मैदान में आयोजित विधानसभा घेराव व धरना प्रदर्शन में जिले से 600 से अधिक प्राथमिक व मिडिल स्कूल के शिक्षक शामिल हुए।

जिलाध्यक्ष रामलाल साहू के नेतृत्व में सुबह से ही राजधानी के लिए निकले शिक्षकों ने तूता मैदान में प्रदेश भर से आए हजारों शिक्षकों के साथ अपनी मांगो को बुलंद करते हुए घोषणा पत्र अनुसार 100 दिन में सहायक शिक्षकों का वेतनमान समयमान व क्रमोन्नति वेतनमान लागू करने, टीईटी परीक्षा की बाध्यता समाप्त करने, सात महीने से लंबित महंगाई भत्ता अविलंब देने, ऑनलाइन हाजिरी का नियम बंद करने, पुरानी पेंशन बहाली, संविलियन के सभी लाभ और शिक्षको के दमन को लेकर नए नए शोषणकारी नीतियों को वापस लेने की मांग की।

जिलाध्यक्ष रामलाल साहू ने बताया कि जिले के शिक्षकों ने अनुशासित होकर यह संदेश दिया है कि अब अपने हक के लिए शिक्षक हर अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन प्रदेश का सबसे बड़ा और सबसे सक्रिय कर्मचारी संगठन है।

### हर स्तर पर साथ मिलकर करेंगे मुकाबला

आंदोलन में शामिल सभी शिक्षको का आभार व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष रामलाल साहू ने कहा कि जब तक शासन हमारी जायज मांगों को नहीं मानता, तब तक यह संघर्ष प्रांतीय निर्देशानुसार आगे भी जारी रहेगा और किसी भी अन्याय के विरुद्ध हर स्तर पर प्राथमिक व मिडिल स्कूल के शिक्षक मिलकर लड़ेंगे। धरना प्रदर्शन में महिला विंग सुनीता ठाकुर व लुमेश्वरी साहू की अगुवाई में ज्योति अग्रवाल, डॉ पद्मा साहू, माहेश्वरी मरकाम, ज्योति केहरी, नेहा सिंह, टीकाराम देशमुख, दुर्गेश कुमार सोनी, कौशल श्रीवास्तव, दोदेश्वर चंदेल, शिवचरण वर्मा, भिखेन्द्र वर्मा, संजू कंवर, कंवल साहू, अशोक जंघेल, हीरा वर्मा, रेवा वर्मा, राजेश लोधी, युगलकिशोर साहू, भगवती प्रसाद सिन्हा, कोमलचंद कोठारी, खेमचंद साहू, रघुनाथ वर्मा, दिगेश दिक्षित, सुकालू साहू, सुधीर नायक, महेश वर्मा, तारण धुर्वे, संजीव धुर्वे, राजकुमार मसखरे, तोकराम सिंन्हा, गांधीधाम साहू, विक्की नेताम सहित अन्य शिक्षक शामिल हुए।

# 30 लाख की लागत से ईतवारी बाजार में बनेगा सीसी रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

नगर पालिका परिषद के वार्ड 11 ईतवारी बाजार स्थित रावांभाठा में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। 30 लाख की लागत से उक्त सीसी रोड बनने से क्षेत्र के नागरिकों को लंबे समय से चली आ रही कीचड़ और आवागमन की समस्या से राहत मिल जाएगी।

मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि सीसी रोड निर्माण से वार्डवासियों को विशेष सुविधा मिलेगी और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और क्यूरिंग पर विशेष ध्यान देने का निर्देश संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को दिया। वार्ड पार्षद रूपेंद्र रजक के आग्रह पर विक्रांत सिंह ने नवनिर्मित शौचालय का निरीक्षण कर उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करने व गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला भाजपा पूर्व अध्यक्ष घम्मन साहू, नपा अध्यक्ष गिरजा चन्द्राकर, टीके चंदेल, नंद चन्द्राकर, विकेश गुप्ता, चन्द्रशेखर यादव, कमलेश कोठले, संजय शर्मा, नीलिमा गोस्वामी, डेविन बाई कोठले, शैलेन्द्र वर्मा, चन्दन गिरी, मुकेश वर्मा, नीलिमा राजपूत, अय्यूब सोलंकी, ऋषि सिंह, सीएमओ पुनीत वर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।



# सौम्या की समाधि स्थल पर बनेगा कामधेनु धाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

धरमपुरा वार्ड स्थित मनोहर गौशाला की कामधेनु सौम्या की याद में समाधि स्थल को श्रद्धा, सेवा और आध्यात्मिक प्रेरणा धाम के रूप में विकसित करने की घोषणा गौशाला संस्थापक डॉ अखिल जैन ने की है। वर्ल्ड रिकॉर्डधारी कामधेनु सौम्या का 23 साल की आयु में संथारापूर्वक देवलोक गमन हो गया है।

जीरावला मनोहर जीवदया धाम में विधि-विधान के साथ उन्हें समाधि दी गई है। गौशाला में 2017 में स्थापित कामधेनु मंदिर की प्रमुख आस्था सौम्या का 54 इंच लंबी पूंछ के कारण गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ था। उसके शरीर पर मौजूद विशेष प्रतीक चिह्नों के कारण श्रद्धालु उन्हें साक्षात कामधेनु माता मानते थे। आठ सालों में 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को दर्शन, लगभग 142 जैन साधु-साध्वियों व अनेक आचार्यों से मांगलिक और णमोकार मंत्र का श्रवण सौमया ने किया था जबकि प्रदेश के तीन राज्यपालों सहित अनेक संत और विशिष्ट अतिथि भी दर्शन कर चुके थे। 54 इंच लंबी पूंछ, शरीर पर विशेष प्रतीक चिह्न और उनका विशिष्ट स्वरूप उन्हें अन्य गायों से अलग पहचान दिलाता था। इन्हीं विशेषताओं के कारण वे वर्षों तक लाखों लोगों की आस्था का केंद्र बनी रहीं।



### लाखों लोगों ने भेजा शोक संदेश

गौशाला के ट्रस्टी डॉ अखिल जैन ने कामधेनु माता सौम्या की समाधि स्थल पर कामधेनु मंदिर धाम का निर्माण करने की घोषणा करते हुए बताया कि उक्त धाम केवल एक मंदिर नहीं होगा, बल्कि सौम्या माता की करुणा, वात्सल्य, गौभक्ति और जीवदया की प्रेरणा को संजोने वाला आस्था का केंद्र बनेगा। डॉ. जैन ने कहा कि देशभर से साधु-साध्वी भगवंतों, गौभक्तों, जीवदया प्रेमियों और श्रद्धालुओं ने सौम्या कामधेनु माता के देवलोक गमन पर जिस हिसाब से श्रद्धांजलि और संवेदना संदेश भेजा है उससे यह अनुभव हुआ कि सौम्या केवल मनोहर गौशाला की नहीं बल्कि पूरे गौभक्त समाज की आस्था का केंद्र थीं। उन्होंने कहा कि इसी भावना को साकार करने के लिए समाधि स्थल को कामधेनु मंदिर धाम के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर धाम ऐसा स्थान होगा, जहां श्रद्धालु सौम्या माता को नमन कर सकेंगे, उनकी स्मृतियों से जुड़ सकेंगे और गौसेवा व जीवदया के कार्यों के लिए प्रेरणा प्राप्त करेंगे। उनके अनुसार श्रद्धालुओं से मिले स्नेह और सहयोग ने गौशाला परिवार को सेवा कार्यों को और अधिक समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का संबल दिया है।

## विभागीय शोध जर्नल कला- वैभव, संयुक्तम 30-31 का विमोचन

# शोध जर्नल विचारों को मंच प्रदान करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग राजकुमारी इन्दिरा सिंह कला संगीत विवि द्वारा प्रकाशित विभागीय शोध जर्नल कला- वैभव, संयुक्तम 30-31 का विमोचन कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने किया।

विमोचन समारोह में कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा डीलिट ने कहा कि जर्नल का उद्देश्य अनुसंधान को बढ़ावा देना और नवीन विचारों को मंच प्रदान करना है। शोध पत्र अकादमिक संवाद को अधिक सशक्त बनाता है। शोध जर्नल की बदौलत भारतवर्ष के योग्य शोधार्थी व शिक्षक अपना कैरियर संवार रहे हैं। कला वैभव के सतत और स्तरीय प्रकाशन के लिए संपादक डॉ मंगलानंद झा को बधाई देते हुए कहा कि यह अत्यधिक श्रम साध्य कार्य है और डॉक्टर झा ने इसे पूरी शिद्दत के साथ अंजाम तक पहुंचाया है इसके लिए वे प्रशंसा के पात्र हैं। कला संकाय अधिष्ठाता प्रो डॉ राजन यादव ने कहा कि यह जर्नल शिक्षको एवं शोधकर्ताओं के भविष्य संवारने का काम करता है। कला वैभव उत्तरोत्तर विकास कर रहा है जिसका प्रमाण बढ़ते हुए शोथलेखों की संख्या है। देश के कोने-कोने में स्थित विद्वानों के बीच यह शोध पत्रिका कला वैभव प्रतिस्थापित हो चुका है।




### जारी है कला वैभव की यात्रा

प्रदेश के प्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री डॉ राधेश्याम बारले ने प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग को सृजनात्मक कार्यों में रत रहने के लिए हार्दिक शुभकामना देते हुए कहा कि नित्य क्रमबद्ध रूप से कला के विकास की प्रक्रिया अनवरत जारी रहेगी। कार्यक्रम संचालक अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ कौस्तुभ रंजन ने कहा कि शोध जर्नल कला वैभव में भारतवर्ष के 10 से अधिक राज्यों से शोथलेख प्राप्त हुए हैं। 1986 से प्रारंभ हुई कला वैभव की यात्रा अपनी नवीन कलेवर के साथ लगातार जारी है। कला वैभव के संपादक डॉ मंगलानंद झा ने कहा कि कुलपति के तत्परता, रुचि व अमूल्य सहयोग से यह शोध जर्नल प्रकाशित हो पाया है। डॉ झा ने बताया कि इस शोध पत्रिका में कुल 94 शोध लेख प्रकाशित हुए हैं, जिसमें प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विधा से 23, नृत्य 11, अंग्रेजी 9, लोक संगीत 5, हिंदी 14, दृश्य कला 11, संस्कृत 4 और संगीत विधा से 17 लेख हैं। विमोचन समारोह में डॉ नमन दत्त डीन संगीत संकाय, वेंकट रमन गुड़े कुलसचिव, हर्षल चंद्रवंशी एफओ, डॉ चैन सिंह नागवंशी, डॉ पूर्णिमा केलकर,डा जितेन्द्र साखरे सहित विवि के शिक्षक, अधिकारी, शोधार्थी, विद्यार्थी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### अद्वित्य ने रचा इतिहास

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के मेधावी छात्र अद्वित्य सिंह ठाकुर ने वर्ष 2026 की देश की तीन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता अर्जित कर जिले एवं छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। अद्वित्य ने नीट-यूजी 2026 में 720 में से 653 अंक, 99.9361466 पर्सेंटाइल, ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 1247 तथा जनरल कैटेगरी रैंक 711 प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष 20 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने नीट-यूजी परीक्षा में भाग लिया था। इतने विशाल प्रतिस्पर्धी समूह में यह उपलब्धि उनकी प्रतिभा, अनुशासन एवं कठिन परिश्रम का परिचायक है। अद्वित्य सिंह ठाकुर बीआरसी समग्र शिक्षा राजनांदगांव में पदस्थ ब्लॉक समन्वयक भगत सिंह ठाकुर एवं निजी विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती मधुबाला सिंह ठाकुर के सुपुत्र हैं। उनका पैतृक ग्राम सेम्हरा दैहान राजनांदगांव है, जहां उनका परिवार कृषक के रूप में प्रतिष्ठित है।



## सार समाचार

### मोहारा को मिला 1.50 करोड़ की सौगात

**राजनांदगांव।** वार्ड विकास की कड़ी में वार्ड नं. 47 मोहारा में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने 1.50 करोड़ से अधिक की राशि शासन से स्वीकृति मिली। जिसके अंतर्गत मुक्तिधाम उन्नयन, पाईप लाइन विस्तार एवं रोड-नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा। उक्त कार्य के लिए वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने वार्डवासियों की भीड़ के बीच भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के दौरान महापौर को श्रीफल से तौला गया। इस अवसर पर देवशरण सेन, सावन वर्मा, अलोक श्रोती, चंद्रशेखर लश्करे, सतीश साहू, संजय रजक, शरद सिन्हा, विजय राय, राजेश यादव उपस्थित थे। महापौर श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के सभी जिलों में विकास कराने कटिबद्ध है। इसी परिप्रेक्ष्य में नगर निगम राजनांदगांव में भी विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे के प्रयास से वार्डों में विकास कार्य के लिए राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मोहारा वार्ड में 1.50 करोड़ से अधिक के विकास कार्य कराने भूमिपूजन किया जा रहा है। जिसके तहत मोहारा में रोड नाली के अलावा मुक्तिधाम उन्नयन एवं पाईप लाइन विस्तार के महत्वपूर्ण कार्य होंगे।



### स्वच्छता दीदियों को सुरक्षा कीट वितरण

**राजनांदगांव।** शासन द्वारा 14 जुलाई को प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में नमस्ते दिवस मनाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए थे। निर्देशानुसार मंगलवार को महापौर मधुसूदन यादव की अनुशंसा पर नगर निगम सभागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा नमस्ते दिवस पर आयोजित ऑन लाइन कार्यक्रम स्वच्छता दीदीयों को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। साथ ही निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम तथा पार्षदों द्वारा दीदीयों को सुरक्षा कीट वितरण किया गया तथा उनका मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण भी हुआ। इस अवसर पर राजेश जैन, शिव, मणिभास्कर गुप्ता, चंद्रशेखर लश्करे, जैनम बैद, अमृता सिन्हा, चंद्रिका साहू, दीपक खाण्डे, ज्योति साहू, सुषमा साहू, गरिमा वर्मा, राजेश मिश्रा सहित अधिकारी-कर्मचारी व स्वच्छता दीदीया उपस्थित थे।



### पानी में डूबने से 3 बच्चों की मृत्यु पर 12 लाख भुगतान

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बोरतालाब में 15 जुलाई 2026 को पानी में डूबने से तीन बच्चों की हुई मृत्यु के प्रकरण में जिला प्रशासन ने तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के तहत ग्राम बोरतालाब निवासी राकेश मंडावी के पुत्र कृष मंडावी एवं दानिश मंडावी तथा कमलेश कोकुरे के पुत्र सार्थक कोकुरे की मृत्यु होने पर उनके परिजनों को 4-4 लाख रुपए कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि भुगतान की है।

### सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद मिला सिलेंडर

**राजनांदगांव।** सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से जनमानस को शासन तक सीधी पहुंच की सुविधा मिली है तथा पारदर्शिता बढ़ी है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सलोनी के केवल साहू ने बताया कि उन्हें सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से अपनी समस्या का समाधान मिला है। ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा था। वहीं लंबी कतार में लगने के बाद भी गैस सिलेंडर प्राप्त नहीं हो पा रहा था। जिससे उन्हें दिक्कत हो रही थी। सीएम हेल्पलाइन 1076 में उन्होंने अपनी शिकायत दर्ज की थी। केवल साहू ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायत का त्वरित निराकरण किया गया और उन्हें गैस सिलेंडर प्राप्त हो गया। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पहल की प्रशंसा करते कहा कि यह सरकार द्वारा नागरिकों की समस्या के समाधान की दिशा में बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस अभिनव पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जिले में अब तक 1944.3 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2026 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 1944.3 मिमी बारिश एवं औसत 277.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 296.9 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 292.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 379.3 मिमी, घुमका तहसील में 224.5 मिमी, छुरिया तहसील में 206.5 मिमी, कुमरदा तहसील में 304.4 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 240.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 379.3 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 178.6 मिमी एवं औसत 25.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत 11 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील अंतर्गत 1.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 37 मिमी, घुमका तहसील में 99.5 मिमी, छुरिया तहसील अंतर्गत 1.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 20.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 7.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा घुमका में 99.5 मिमी दर्ज की गई है।

### मेले में बिछड़े बालक को परिजनों से पुलिस ने मिलाया

**खैरागढ़।** पाड़ादाह मेले में आए एक 10 वर्षीय बालक भटक गया था। जिसकी जानकारी होने पर पुलिस ने बच्चे के परिजनों का पतासाजी कर उसे सकुशल सौंपा। पाड़ादाह मेला घूमने के दौरान ग्राम महाराजपुर निवासी बालक 10 वर्ष भीड़ में अपने परिजनों से बिछड़कर गुम हो गया था। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते बालक की तलाश की गई। पुलिस के प्रयासों से बालक को सकुशल खोजकर उसकी पहचान सुनिश्चित की गई। परिजनों ने बालक को सकुशल वापस मिलने पर केसीजी पुलिस का आभार व्यक्त किया। मेले में उपस्थित नागरिकों से अपील की गई कि अपने बच्चों पर विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी बच्चे के भटकने अथवा संदिग्ध स्थिति में मिलने पर तत्काल निकटतम पुलिस सहायता केंद्र या डायल 112 पर सूचना दें।

## निधन



### शशिकला बागड़े

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष कामरेड भीमराव बागड़े की धर्मपत्नी श्रीमती शशिकला बागड़े 70 वर्ष का निधन 17 जुलाई 2026 को हुई। उनकी अंतिम यात्रा 18 जुलाई को उनके निवास शांतिनगर वार्ड नं. 10 राजनांदगांव से शुरू होगी, जो शंकरपुर के मुक्तिधाम में दोपहर 12 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अपने पीछे दो पुत्र, बहू, तीन बेटियां, नाती-नातिन सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई।

# समाधान से 60 हजार उपभोक्ताओं को मिली करोड़ों की छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के अंतर्गत अब न्यायालयों में लंबित बिजली बिल संबंधी प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा। इसके लिए उपभोक्ताओं को न्यायालयों में लंबित प्रकरण वापस लेना होगा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने बताया कि उपभोक्ताओं से मिल रहे उत्साहजनक प्रतिसाद को देखते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा के अनुरूप छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 की अवधि 30 सितंबर 2026 तक बढ़ा दी गई है। इसके साथ ही अब योजना का दायरा बढ़ाते न्यायालयों में लंबित बिजली बिल संबंधी प्रकरणों को भी इसमें शामिल किया गया है।

### कवर्धा में सर्वाधिक समाधान

राजनांदगांव रीजन के अंतर्गत चारों जिलों के 7 विद्युत संभागों में सर्वाधिक कवर्धा संभाग से 21478, पंडरिया संभाग से 19815, मोहला संभाग से 2906, राजनांदगांव संभाग से 4998, खैरागढ़ संभाग से 3589, डोंगरगढ़ संभाग से 5263 एवं डोंगरगांव संभाग से 1242 सक्रिय एवं निश्क्रिय उपभोक्ता लाभान्वित हो चुके हैं। इन सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ताओं को मूल बकाया राशि एवं अधिभार (सरचार्ज) में 18 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि का छूट प्रदान किया जा चुका है। लाभान्वित उपभोक्ताओं द्वारा सक्रियता दिखाते अब तक लगभग 5 करोड़ 4 लाख 82 हजार रुपए की बकाया राशि विभाग में जमा की जा चुकी है।



### योजना की बढ़ी तिथि

समाधान योजना-2026 के तहत निम्नदाब घरेलू, बीपीएल एवं कृषि श्रेणी के अशासकीय उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल की मूल राशि एवं अधिभार में छूट का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसकी तिथि 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है।

- **हर्ष कुमार मेश्राम**, मुख्य अभियंता सीएसपीडीसीएल

### 18 करोड़ रुपए की छूट

"मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना" के माध्यम से इन चार जिलों के लगभग 60 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा चुका है। इसमें सक्रिय और निष्क्रिय दोनों प्रकार के बीपीएल, घरेलू और कृषक श्रेणी के उपभोक्ता शामिल हैं। विभाग द्वारा अब तक मूल बकाया राशि और अधिभार (सरचार्ज) में कुल 18 करोड़ 28 लाख रुपए की भारी छूट प्रदान की गई है। समाधान योजना का मुख्य उद्धेष्य बीपीएल, निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं और कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को आर्थिक संबल प्रदान करना है।

## बोरतालाब मामले में जनप्रतिनिधियों ने सख्त कार्रवाई की कही बात

# नम आंखों से दी मासूमों को विदाई दोषियों पर कार्रवाई की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के ग्राम बोरतालाब के एक डबरी में गत दिनों डूबने से तीन बच्चों की दर्दनाक मौत के बाद शुक्रवार को महापौर मधुसूदन यादव ने ग्राम बोरतालाब पहुंचकर पीड़ित परिवार एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर डोंगरगांव के वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश गांधी सहित भाजपा के स्थानीय नेता उपस्थित रहे।

महापौर एवं साथियों ने डूबने वाले मासूम 5 वर्षीय कृष मांडवी, 6 वर्षीय दिनेश मांडवी और 6 वर्षीय सार्थक कोकाटे के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हौसला दिलाया। महापौर ने ग्रामवासियों से भी बातचीत कर दुर्घटना के कारणों की जानकारी ली एवं उनका पक्ष सुना। ग्रामवासियों ने महापौर से पीड़ित परिवार के लिए मुआवजा सहित दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग रखी। मौके पर ही महापौर ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव से मोबाइल पर संपर्क कर तत्काल पीड़ित परिवार के परिजनों को राहत राशि दिलाने चर्चा की।



### एक लाख की होगी सहायता

महापौर ने ग्रामवासियों को अवगत कराया कि प्राकृतिक आपदा में डूबकर मरने पर पीड़ित परिवार को 4 लाख की सहायता राशि देने का प्रावधान है, जो कलेक्टर के माध्यम से दिलवाया जाएगा। इसी प्रकार दोनों स्कूली बच्चे कृष्ण मंडावी एवं दिनेश मांडवी को स्कूल शिक्षा विभाग से दुर्घटना बीमा की राशि एक लाख रुपए प्रत्येक दिलवाई जाएगी।

### अवैध खनन पर हो एक्शनः प्रशांत



बोरतालाब में उत्खनित अवैध डबरी में डूबने से तीन बच्चों का निधन हुआ। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोड़ापे ने पहुंचकर तीनों बच्चों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मृतक मासूम बच्चों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया एवं परिजनों को सांत्वना दिया। प्रशांत कोड़ापे ने कहा कि यह अवैध डबरी खनन का मामला है, जिसे रेलवे ठेकेदार ने ग्रामीणों के मना करने के बाद भी खोदा गया और ग्रामीणों की जान को जोखिम में डाला गया। जिसका खामियाजा आज तीन जानों को गंवा कर देना पड़ा। कोड़ापे ने 25 अप्रैल 2020 के उस एफआईआर का भी जिक्र किया। जिसमें ग्रामीणों ने भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 294, 506, और 34 के तहत गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की थी, लेकिन तत्कालीन सरकार के संरक्षण में ठेकेदार ने ग्रामीणों को डराया और धमकाया। इस मामले में डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू की भूमिका को भी संदिग्ध बताते कहा कि मृत्यु के तीन दिन बाद भी विधायक ने, न उसके किसी प्रतिनिधि ने न तो मृत्यु पर शोक व्यक्त किया, न मृतकों के परिवारजनों से संपर्क किया, न ही कोई सांत्वना, मुआवजा या क्षतिपूर्ति की घोषणा की।

### मासूमों की मौत केवल हादसा नहीं, बल्कि लापरवाही का परिणाम : विपिन



मुरूम उत्खनन के बाद छोड़े गए गहरे गड्ढे में डूबने से तीन मासूम बच्चों की दर्दनाक मृत्यु अत्यंत हृदय विदारक एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि घोर लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता का परिणाम है। जिला कांग्रेस कमेटी इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते मृतक बच्चों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करती है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग करती है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि रेलवे निर्माण कार्य के लिए यदि संबंधित ठेकेदार द्वारा खेत से मुरूम का उत्खनन किया गया था, तो कार्य पूर्ण होने के बाद गहरे गड्ढे का समतलीकरण करना उसकी वैधानिक एवं नैतिक जिम्मेदारी थी। गड्ढे को खुला छोड़ देना गंभीर लापरवाही है। यदि समय रहते उसे भर दिया जाता अथवा सुरक्षा घेरा एवं चेतावनी संकेत लगाए जाते, तो तीन मासूम बच्चों की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने मांग की कि दोषी रेलवे ठेकेदार के विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई के साथ-साथ रेलवे विभाग उसे तत्काल ब्लैकलिस्ट करे।

### आरटीई, अंतिम चरण की समय-सारिणी जारी

**राजनांदगांव।** लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा ऑनलाइन आरटीई के माध्यम से निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत 2026-27 हेतु प्रवेश की कार्रवाई के संबंध में तृतीय एवं अंतिम चरण की समय-सारिणी जारी की गई है। इसके तहत निजी शालाओं में कक्षा पहली में आरटीई की रिक्त सीटों को पात्र बच्चों से भरे जाएंगे।

तृतीय एवं अंतिम चरण की जारी समय-सारिणी अनुसार 17 से 21 जुलाई तक जिला स्तर पर शालावार आरटीई की रिक्त सीटों का प्रकटीकरण एवं प्रचार-प्रसार किया जाएगा। 22 से 5 अगस्त तक पात्र आवेदकों व पालकों द्वारा आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने एवं पूर्व आवेदनों में संशोधन का कार्य किया जाएगा।

25 जुलाई से 7 अगस्त तक नोडल प्राचार्यों द्वारा आवेदनों का सूक्ष्मता से परीक्षण व सत्यापन कर पात्र एवं अपात्र आवेदनों की प्रविष्टि पोर्टल में की जाएगी। 10 से 14 अगस्त तक ऑनलाइन लॉटरी व काउंसलिंग के माध्यम से चयनित बच्चों की सूची व आबंटन जारी किया जाएगा। 17 से 25 अगस्त तक लॉटरी में चयनित बच्चों का संबंधित निजी विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। 20 से 27 अगस्त तक प्रवेशानुसार प्राचार्यों द्वारा आरटीई पोर्टल पर प्रवेशित बच्चों की अंतिम प्रविष्टि दर्ज की जाएगी।

## मकान का ताला तोड़कर 3 लाख के जेवर-नगदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के फ्रेंड्स रोड स्टार सिटी के सामने एक सूने मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर करीब 3 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पनेका रोड स्टार सिटी के सामने निवासी प्रार्थी मोतीराम साहू ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह परिवार सहित 11 जुलाई को बाहर गया हुआ था। 17 जुलाई की सुबह करीब 7.30 बजे घर लौटने पर मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। घर के अंदर आलमारी और सामान बिखरा पड़ा था।

**पुलिस जांच में जुटी**

घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। उक्त क्षेत्र में हुई चोरी की घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है।

### आलमारी में रखे आभूषण पार

अज्ञात चोरों ने आलमारी में रखे सोने का हार 1 नग, सोने का झुमका 1 जोड़ी, सोने का टाप्स 1 जोड़ी, सोने का मंगलसूत्र 2 जोड़ी, सोने की पत्ती 3 नग, सोने की बाली 2 जोड़ी, बच्चे का लाकेट सोने का 2 नग, सोने का नथनी 3 नग, सोने का फुल्ली 5 नग, सोने का दाना 6 नग, चांदी की बिछिया 12 जोड़ी, चांदी का फैंसी करधन 1 नग, चांदी का बच्चा चुडा 4 जोड़ी, चांदी का चुटकी 1 जोड़ी, चांदी की अंगूठी 2 नग, नगदी रकम 10,000 रुपए कुल लगभग तीन लाख रुपए एवं बैंक का एटीएम कार्ड, पेनकार्ड व अन्य दस्तावेज चोरी कर लिए।

## फैक्ट्री में करंट से मजदूर की मौत, मुआवजे की उठी मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के टेडेसरा इलाके में एक फैक्ट्री में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। जिससे मजदूरों और ग्रामीणों के बीच आक्रोश व्याप्त हो गया। उचित मुआवजे की मांग फैक्ट्री प्रबंधक से की गई।

इंडस्ट्रियल एरिया टेडेसरा स्थित ओरिएंटल इस्पात फैक्ट्री में शुक्रवार सुबह काम के दौरान करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई, जिसे लेकर मजदूरों व ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे इंडस्ट्रियल एरिया टेडेसरा स्थित ओरिएंटल इस्पात फैक्ट्री में कार्य के दौरान मजदूर करंट की चपेट में आ गया। उसे तत्काल उपचार के लिए शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम 27 वर्षीय पौराणिक विश्वकर्मा बताया गया है।

### दिखा आक्रोश

हादसे की खबर फैलते ही फैक्ट्री परिसर में मजदूरों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। उन्होंने घटना पर नाराजगी जताते कंपनी प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा तथा बीमा की राशि देने की मांग की। कंपनी प्रबंधन की ओर से मैनेजर ने मजदूरों और ग्रामीणों से चर्चा कर नियमानुसार बीमा राशि दिलाने का आश्वासन दिया। हालांकि मुआवजे को लेकर सहमति नहीं बन सकी। जिससे कुछ समय तक फैक्ट्री परिसर में तनाव की स्थिति बनी रही।

## बेटियों की सुरक्षा, अपराधियों को कड़ी सजा की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बेटियों के साथ होने वाले अपराध में आरोपियों के खिलाफ मामलों की सुनवाई के दौरान कानून सख्त करने की मांग को लेकर जीवनदान संस्था द्वारा सांकेतिक प्रदर्शन किया गया।

जिला न्यायालय परिसर के सामने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर संस्था से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक प्रदर्शन किया। बेटियों के साथ दुष्कर्म और क्रूरता करने वाले आरोपियों को न्यायपालिका से बेल मिलने अथवा छूटने के मामलों में न्यायपालिका से सुनवाई के दौरान कड़े फैसले करने आग्रह किया गया।

जीवनदान संस्था के अध्यक्ष महेंद्र जंघेल और सुशील लड्डा ने कहा कि देश में बेटियों पर अत्याचार और दुष्कर्म और उनकी हत्या के मामले बढ़ते जा रहे हैं। लोअर कोर्ट से फांसी मिलने के बाद अपर कोर्ट में अपील से बेल मिल जा रही है और आरोपी छूट जा रहे हैं। उन्होंने हाल ही में राजस्थान में 13 वर्षीय बालिका के साथ 32 लोगों द्वारा दुष्कर्म के मामले को लेकर आक्रोश जताया है और सभी दोषियों को जल्द से जल्द फांसी देने न्यायपालिका से मांग की है।

### आरोपियों के खिलाफ कड़ी सजा की मांग

शांतिपूर्ण प्रदर्शन के माध्यम से आरोपियों के खिलाफ न्याय व्यवस्था को और प्रभावी बनाने आग्रह किया है, ताकि महिलाओं और बेटियों के अपराधी खुले में न घूमे और आरोपियों को कड़ी सजा से बेटियां सुरक्षित हो।

## बसंतपुर पुलिस ने खोजकर फोन किए वापस

# 25 लोगों को गुम हुए मोबाइल वापस लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस ने लोगों के गुम हुए 25 मोबाइल को बरामद कर आज उन्हें सौंपा। इस दौरान अपना मोबाइल पाकर लोगों के बीच खुशी का माहौल निर्मित रहा। पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में गुम मोबाइलों की तलाश हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। राजनांदगांव पुलिस द्वारा गुम मोबाइलों की पतासाजी एवं बरामदगी का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।उक्त सराहनीय कार्रवाई में सीसीटीएनएस आरक्षक श्रवण पैकरा, आरक्षक फागू साहू, ललित रावटे एवं थाना बसंतपुर के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय भूमिका रही।

**आवेदकों के खिले चेहरे**

अपने गुम मोबाइल वापस मिलने पर सभी आवेदकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते जिला राजनांदगांव पुलिस एवं थाना बसंतपुर पुलिस की त्वरित एवं सराहनीय कार्रवाई की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आम नागरिकों से अपील की गई कि यदि किसी व्यक्ति को कोई गुम मोबाइल प्राप्त होता है तो उसका स्वयं उपयोग न करें तथा उसे तत्काल निकटतम पुलिस थाना में जमा करें। जिससे वह उसके वास्तविक स्वामी तक सुरक्षित पहुंचाया जा सके।




### पौने चार लाख के मोबाइल सुपुर्द

इसी अभियान के तहत थाना बसंतपुर पुलिस ने विभिन्न कंपनियों के 25 गुम मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कुल कीमत लगभग 3,75,000 रुपए है, सफलतापूर्वक बरामद किया गया। 17 जुलाई को थाना बसंतपुर परिसर में सभी मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्दनामा के माध्यम से लौटाए गए।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### गन्ना राशि भुगतान होने पर किसानों में खुशी



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल शक्कर कारखाना में बेचे गए गन्ने का भुगतान किसानों के खातों में पहुंचने से क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल है। लंबे समय से भुगतान की मांग कर रहे किसानों को इस बार समय पर राशि मिलने से काफी राहत मिली है। किसानों ने बताया कि बरसात के मौसम में घरेलू खर्च, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई तथा खेती-किसानी के कार्यों के लिए पैसों की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। ऐसे समय में गन्ने का भुगतान मिलने से उन्हें इधर-उधर आर्थिक मदद के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और वे अपनी आवश्यकताओं को आसानी से पूरा कर सकेंगे। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि समय पर भुगतान मिलने से उनकी आर्थिक चिंता काफी हद तक कम हुई है। किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे उनके हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया। किसानों ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से शक्कर कारखाना द्वारा किसानों के बकाया गन्ना भुगतान की प्रक्रिया तेज हुई, जिससे किसानों के खातों में राशि पहुंच सकी। गन्ना भुगतान होने पर कोलेगांव, भगतपुर, धनेली, मोहतरा कला, पीपरमाटी, सेमरकोना, कंझेटा, कुंडा एवं दामापुर क्षेत्र के किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समय पर भुगतान के लिए आभार जताया।

### नवगठित शाला परिषद का शपथ ग्रहण संपन्न



**रणवीरपुर।** हॉयर सेकेंडरी स्कूल रणवीरपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नवगठित शाला परिषद का गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ ली तथा विद्यालय के सर्वांगीण विकास एवं अनुशासन को बनाए रखने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा शाला परिषद के नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बैच पहनाकर सम्मानित किया गया। सत्र 2026-27 के लिए गठित शाला परिषद की कार्यकारिणी जिसमें शाला नायक छात्रा क्षमता साहू, चंद्रशेखर साहू, उप शाला नायक किशन, सचिव यशवंत, हरिशचंद्र, सह सचिव ओमिन साहू, नाजमीन बी, क्रीड़ा प्रभारी सौरभ मेरावी, दामिनी, विज्ञान क्लब फुलेश्वरी, विज्ञान लैब लोकनाथ, भूगोल मंजु चतुर्वेदी, भुनेश्वर, इको क्लब चेतन, अमित, रेड क्रॉस यामिनी साहू, श्वेता यादव, स्काउट/गाइड बाली पाल, पायल नेताम व अनुशासन समिति रेवाराम, प्रियांशी को नियुक्त किया गया। जिस पर संस्था के प्राचार्य डीएस उइके ने नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को उनके नए दायित्वों के लिए बधाई दी। शिक्षकों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शाला परिषद विद्यालय में नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। इस दौरान संस्था के समस्त शिक्षक रामेश्वर लहरे, ममता देवांगन, लता साहू, प्रवीणचंद्र ताम्रकार, मुरलीशरण बघेल, श्यामाचरण देवांगन, शशांक यादव, विकास देवांगन, अरुण दास व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**NAME CHANGE OF A MINOR**

I, Ramkumar Sahu S/o Mehtar Sahu R/o housing board joratal, lig 15, Joratal, PO.Kawardha, DIST.Kabeerdham, Chhattisgarh, 491995 have change the name of my minor son Lokeshvar Sahu aged 11 years and he shall hereafter be known as Lakeshwar Sahu.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Ramkumar Sahu
[Signature of Guardian]

## वनांचल परिवारों की बढ़ी आय, मेहनत को मिला सम्मानजनक मूल्य

# जिले के हजारों तेंदूपत्ता संग्राहकों के खाते में पहुंचे 22.05 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों को देश में सर्वाधिक 5,500 रूपए प्रति मानक बोरा पारिश्रमिक दिए जाने का लाभ अब वनांचल क्षेत्रों के हजारों परिवारों तक पहुंच रहा है। कबीरधाम जिले में वर्ष 2026 के तेंदूपत्ता संग्रहण सत्र में न केवल निर्धारित लक्ष्य हासिल किया गया, बल्कि 100.34 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज करते हुए 40 हजार 234 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहित किया गया। संग्रहण कार्य में 32 हजार से अधिक संग्राहकों ने भागीदारी निभाई, जिन्हें लगभग 22 करोड़ 5 लाख रुपये का पारिश्रमिक भुगतान किया गया। यह राशि वनाश्रित परिवारों के लिए आर्थिक संबल बनकर उनकी आजीविका को नई मजबूती दे रही है।

जिला लघु वनोपज सहकारी संघ कवर्धा के अंतर्गत 19 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के 24 लॉटों में संग्रहण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बढ़ी हुई पारिश्रमिक दर और समय पर भुगतान से वनांचल परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। इस राशि का उपयोग किसान खेती-किसानी, बच्चों की शिक्षा, घरेलू जरूरतों और अन्य आवश्यक कार्यों में कर रहे हैं।

नंदनी मरावी कहती हैं कि तेंदूपत्ता संग्रहण का मौसम शुरू होते ही पूरा परिवार इस काम में लग जाता है। पहले मेहनत के मुकाबले आय कम मिलती थी, लेकिन अब प्रति मानक बोरा 5,500 रुपये मिलने से हमारी आमदनी बढ़ी है। इस पैसे से खेती के लिए बीज, खाद और अन्य सामग्री खरीदते हैं। बच्चों की पढ़ाई, घर के खर्च और जरूरतें भी आसानी से पूरी हो जाती हैं। नंदनी मरावी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहती हैं कि बढ़ी हुई पारिश्रमिक दर ने वनवासी परिवारों को केवल आर्थिक सहायता ही नहीं दी, बल्कि उनकी मेहनत को सम्मान भी दिलाया है। उनके अनुसार तेंदूपत्ता संग्रहण अब केवल मौसमी रोजगार नहीं, बल्कि परिवार की आर्थिक सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और बेहतर भविष्य का मजबूत आधार बन चुका है।

### बढ़ी पारिश्रमिक ने बदली परिवार की आर्थिक स्थिति



कबीरधाम जिले के वनांचल ग्राम लोखन की निवासी श्रीमती नंदनी मरावी भी उन हजारों संग्राहकों में शामिल हैं, जिनके परिवार को तेंदूपत्ता संग्रहण से नई आर्थिक मजबूती मिली है। उनके पति शिवकुमार मरावी खेती और मजदूरी करते हैं। सात सदस्यीय परिवार के पास लगभग तीन एकड़ कृषि भूमि है, जहां धान और चना की खेती होती है। इसके अलावा वनाधिकार पट्टे के तहत एक एकड़ भूमि भी मिली है। नंदनी मरावी बताती हैं कि परिवार को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन और मनरेगा जॉब कार्ड जैसी शासकीय योजनाओं का लाभ मिला है। अब तेंदूपत्ता संग्रहण भी परिवार की आय का महत्वपूर्ण आधार बन गया है।



# विकास कार्यों को अब और तीव्र गति मिलेगी: साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगरीय निकायों में (एल्डरमेन) पार्षदों को मनोनीत किया गया। जिसके परिपेक्ष्य में नगर पंचायत पिपरिया से अनिल श्रीवास, पुन्नी यादव एवं नंद कुंभकार को मनोनीत किया गया। जिससे निकाय के विकास कार्यों में इनकी (एल्डरमेन) की भूमिका अहम होगी।

शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात चेतन साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कवर्धा की उपस्थिति में पृथक-पृथक अनिल श्रीवास, पुन्नी यादव एवं नंद कुंभकार को शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह में नगर पंचायत पिपरिया के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला कोषाध्यक्ष भाजपा जिला विक्की अग्रवाल द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं संतोष पाण्डेय सांसद का आभार व्यक्त कर जिनके प्रयास से नगर पंचायत पिपरिया को तीन नए एल्डरमेन श्रीवास समाज, यादव समाज एवं कुंभकार समाज को प्रतिनिधित्व दिया गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अन्त्योदय अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति को प्रतिनिधित्व मिले इसके दृष्टिगत रखते हुए उक्त समाज के व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व मिला।

तत्पश्चात शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित जसविंदर बग्गा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता द्वारा अपने उद्बोधन में कहा आज नगर पंचायत पिपरिया को तीन नए सेवकों के रूप में एल्डरमेन मिला है। वहीं नपं पिपरिया के अध्यक्ष घुरूवा राम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगर पंचायत पिपरिया के लिए नियुक्त एल्डरमेन अपना सहयोग नगर विकास के कार्यों में कदम ताल के साथ आगे बढ़ने में अपनी विशिष्ट भूमिका निभायेगें।

नगर पंचायत पिपरिया के विकास कार्यों को अब और तीव्र गति मिलेगी। उन्होंने आगे कहा हमारे छत्तीसगढ़ सरकार के मंशानुरूप नियुक्त एल्डरमेन नगर के विकास कार्यों में अपना योगदान कर आम नागरिकों की सुविधाओं पर अमल करने का प्रयास करेंगे। उक्त अवसर पर पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक गण तथा नपं पिपरिया एवं निकाय के अधिकारी-कर्मचारियों उपस्थित थें।

# सड़कों का बुरा हाल, गड्ढों में तब्दील मार्ग

- हल्की बारिश से गड्ढों में जल भराव की स्थिति निर्मित, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव से अमलीमालगी तथा कुआंमालगी से अमलीमालगी तक जाने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। सड़कें जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गई हैं और कई स्थानों पर डामर पूरी तरह उखड़ चुका है। सड़क पर केवल गिट्टियां दिखाई दे रही हैं, जिससे राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोलेगांव से अमलीमालगी तक लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर लंबा यह मार्ग अत्यंत जर्जर हो चुका है। हल्की बारिश होते ही सड़क के गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे सड़क और गड्ढे का अंतर समझ पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। इसी मार्ग से आसपास के गांवों के छात्र-छात्राएं कोलेगांव के हाई स्कूल में अध्ययन के लिए आते-जाते हैं। इसके अलावा मरीजों को अस्पताल, किसानों को बैंक, बाजार तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए प्रतिदिन इसी सड़क से आवागमन करना पड़ता है। यह मार्ग दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में सड़क की बदहाल स्थिति के कारण आवागमन और अधिक कठिन हो गया है। उन्होंने शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस सड़क का शीघ्र मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि बरसात के दौरान लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।



### कुई-कुकदूर में युवा कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन, विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**पंडरिया।** वनांचल क्षेत्र कुई-कुकदूर में बिजली संकट, खाद-बीज की उपलब्धता, सड़क, गन्ना किसानों व श्रमिकों के लंबित भुगतान तथा अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस ने अटल चौक में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में किसान, युवा, महिलाएं, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। धरने के बाद प्रदर्शनकारियों ने रैली निकालकर बिजली कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी। बाद में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान भाजपा सरकार, विधायक बिजली व्यवस्था, स्मार्ट मीटर, खाद-बीज, गन्ना भुगतान और कथित घर वापसी कार्यक्रम को लेकर नारेबाजी की गई। युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में बिजली, किसानों और आम जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। आंदोलन के अंत में प्रदर्शनकारियों ने बाजार क्षेत्र में पुतला दहन किया।

# खेल-खेल में पढ़ाया पर्यावरण का पाठ, बच्चों में बढ़ी शिक्षा की ललक



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दुर्गम वनांचल ग्राम पंचायत दुर्जनपुर के प्राथमिक विद्यालय इन्द्रीपानी में गुरूवार को ग्रामोदय ग्राम विकास समिति द्वारा प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुदूर क्षेत्र के बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित करना और उनमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना जागृत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को खेल-खेल में पर्यावरण का महत्व समझाया गया।

टीम के सदस्यों ने बच्चों को पेड़-पौधों, दुर्लभ वनस्पति, जीव-जंतुओं और स्थानीय पशु-पक्षियों के संरक्षण की उपयोगिता को रोचक उदाहरणों के माध्यम से बताया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ प्रकृति को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। विद्यालय परिसर उस समय आध्यात्मिक आभा से भर गया, जब नन्हे-मुन्नों के कंठ से वेदमाता गायत्री मंत्र और मां सरस्वती की वंदना गूंज उठी।

वनांचल की शांत वादियों में बच्चों का यह उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम के अंत में, बच्चों के लिए विशेष भोज (खीर-पूरी) का आयोजन किया गया, जिसने उन्हें विद्यालय के प्रति और अधिक आकर्षित किया। इस पुनीत कार्य को मूर्त रूप देने में ग्रामोदय ग्राम विकास समिति की जिला समन्वयक श्रीमती आरती यादव, सामुदायिक समन्वयक बसंती यादव तथा एमएसडब्ल्यू की छात्राएं खुशी साहू और भूमिका चंद्रवंशी ने सराहनीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकासखंड समन्वयक कोमल सिंह धारवैया तथा विद्यालय के प्रधान पाठक और शिक्षकगणों का मार्गदर्शन एवं सक्रिय सहयोग रहा।

## गड्ढों में तब्दील सड़क, मरम्मत की मांग

# जर्जर सड़क पर चलना मुश्किल

- आवागमन करने वाले राहगीरों व ग्रामीणों का छूट रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के महली, दुल्लापुर, रेंगाबोड़, खम्हरिया, अखरा से कुण्डा तक जाने वाला प्रमुख सड़क मार्ग इन दिनों पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और लगातार बारिश के कारण मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गया है। सिंगल सड़क होने के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ राहगीरों को भी आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यह मार्ग महली, कुण्डा और पंडरिया को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों का आवागमन होता है। कुण्डा के हाई स्कूल एवं कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भी इसी सड़क से होकर आते-जाते हैं। इसके अलावा 108 एंबुलेंस, 112 आपातकालीन सेवा तथा अन्य आवश्यक वाहनों का आवागमन भी इसी मार्ग से होता है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण मरीजों और आम नागरिकों को भी गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। इसके बावजूद अब तक शासन-प्रशासन की ओर से मरम्मत के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है।



### तत्काल अस्थायी मरम्मत कार्य कराने की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि बरसात के चार महीनों के दौरान आवागमन सुचारु बनाए रखने के लिए सड़क पर तत्काल गिट्टी, मुरूम और बजरी डालकर अस्थायी मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, तो क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासी एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करेंगे और शासन-प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करेंगे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरु नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### महिलाओं व बालिकाओं को मिलेगा स्वरोजगार

**कवर्धा।** जिला प्रशासन कबीरधाम के मार्गदर्शन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना सहसपुर लोहारा द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत सहसपुर लोहारा की अध्यक्ष श्रीमती सरिता संतोष मिश्रा, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, पार्षद दिवाकर डडसेना सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी आधार शिक्षा और कौशल विकास है। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रशिक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। परियोजना अधिकारी सुश्री रीना ठाकुर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस पहल के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को सिलाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए 20 तक आवेदन

**कवर्धा।** युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से नशा मुक्त समाज के निर्माण और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माय भारत कवर्धा द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में जिले के पात्र युवा संगीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद, शॉर्ट फिल्म, स्लोगन लेखन, स्लैम पोएट्री (शायरी) सहित विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। अभियान का उद्देश्य रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना तथा युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। इच्छुक प्रतिभागी 20 जुलाई 2026 की रात्रि 11.59 बजे तक माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर अपना पंजीयन करा सकते हैं। जिला प्रशासन और माय भारत कवर्धा ने जिले के अधिक से अधिक युवाओं से इस अभियान में भाग लेकर नशा मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की है।

### छात्रवृत्ति के लिए स्कूलों में लगेंगे ई-केवाईसी शिविर

**कवर्धा।** जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कक्षा 3री से 12वीं तक के पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ समय पर मिल सके, इसके लिए जिला प्रशासन ने विशेष पहल की है। कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा विभाग एवं खाद्य विभाग के समन्वय से विद्यालयों में विशेष ई-केवाईसी शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि कोई भी पात्र विद्यार्थी केवल ई-केवाईसी के अभाव में छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लंबित ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदनों को पूर्ण कर जिला कार्यालय भेजने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। विद्यालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का राशन कार्ड ई-केवाईसी नहीं होने के कारण उनके छात्रवृत्ति आवेदन लंबित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विकासखंड के विद्यालयों से ऐसे विद्यार्थियों की सूची तैयार कराएं, जिनका राशन कार्ड ई-केवाईसी अभी तक नहीं हुआ है। संबंधित उचित मूल्य दुकानों (राशन दुकानों) से समन्वय स्थापित कर विद्यालयों में ई-केवाईसी शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां विद्यार्थियों के राशन कार्ड का ई-केवाईसी कराया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी संकुल प्राचार्यों एवं विद्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर विद्यार्थियों का ई-केवाईसी एवं ऑनलाइन छात्रवृत्ति पंजीयन कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि पात्र विद्यार्थियों को शासन की छात्रवृत्ति योजना का लाभ समय पर मिल सके।

### एनसीवीटी सीबीटी परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

**कवर्धा।** जिला कबीरधाम के शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के एनसीवीटी व्यवसायों की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) 20 जुलाई से 23 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन नोडल संस्था शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कवर्धा में किया जाएगा। संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के सभी एनसीवीटी व्यवसायों के प्रशिक्षणार्थी अपने संबंधित आईटीआई संस्थान से हॉल टिकट प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी एसआईडीएस पोर्टल के माध्यम से भी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

**अनदेखी:** जिलेभर में अज्ञात डीजल चोर गिरोह सक्रिय, शिकायतों पर कार्रवाई शून्य

# बोड़ला मुड़ियापारा के पेट्रोल पंप में खड़े दो ट्रकों से 700 लीटर डीजल की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/बोड़ला

जिले के थाना क्षेत्रों में इन दिनों जहां तहां खड़े वाहनो से डीजल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय नजर आ रहा है। हाल के दिनो जिले के पाण्डातराई पेट्रोल पंप में खड़े वाहन से डीजल चोरी की घटना के बाद अब बोड़ला थाना क्षेत्र के मुड़ियापारा पेट्रोल पंप से भी कुछ ऐसी ही वारदात सामने आई है।

बताया जाता है कि मुड़ियापारा पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रक क्रमांक एचपी 38 जे 8255 तथा एचपी 38 जे 8355 से रात्रि करीब 1.00 बजे से 3.00 बजे के बीच अज्ञात चोरों द्वारा करीब 700 लीटर डीजल की चोरी की गई है। अज्ञात चोरों ने बड़े ही बेखौफ और कुशल ढंग से चोरी की इस वारदात को अंजाम देकर चंपत हो गए। इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय वाहन चालकों और व्यवसायियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। हालांकि मामले की रपट बोड़ला थाना में दर्ज करा दी गई है और पुलिस ने मामले की जांच भी शुरू कर दी है लेकिन अभी तक अज्ञात चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बताया जाता है कि अज्ञात चोरों ने जिन दो ट्रकों को निशाना बनाया है वे रायपुर के किसी ट्रांसपोर्ट की है और इस चोरी से उन्हें करीब 60 से 65 हजार रूपए की चपत लगी है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी जुलाई महिने की ही 3-4 तारीख की दरमियानी रात विजय कुमार गुप्ता, मेसर्स विजय फ्युल्स पांडातराई से रात्रि लगभग 2.00 बजे अज्ञात चोरों ने पेट्रोल पंप परिसर के अंदर खड़े टैंकर क्रमांक सीजी 04 पीएफ 9933 से लगभग 100 से 120 लीटर डीजल चोरी की थी। इसी प्रकार अन्य वाहनो से भी डीजल गायब पाया गया था। जिसके बाद पीड़ित द्वारा मामले की लिखित शिकायत पाण्डातराई थाना में की थी लेकिन अभी तक अज्ञात चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया और जिले में डीजल चोरी की वारदातें लगातार जारी है।




#### अज्ञात चोर गिरोह के हौसले बुलंद

आमतौर पर प्रायः सभी पेट्रोल पंपों में सीसी टीवी कैमरा लगे होते हैं। इसके अलावा पेट्रोल पंप पहुंच मार्ग में भी कई कैमरे नजर आते हैं। वहीं जिला पुलिस प्रशासन का भी दावा है कि जिले में उसकी सुरक्षा व्यवस्था तथा रात्रिकालीन पेट्रोलिंग चाक चौबंद है। लेकिन अगर इन तमाम दावों के बाद भी अज्ञात डीजल चोर एक के बाद एक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं तो कहना गलत नहीं होगा कि चोरों के हौसले बुलंद है और पुलिस लाचार है।

#### पीड़ित वाहन चालकों व पेट्रोल पंप संचालकों ने रखी मांग

डीजल चोरी के शिकार बन रह पीड़ित वाहन चालकों ने अज्ञात आरोपियों के विरुध्द तत्काल प्राथमिकि दर्ज कर विधिसम्मत कठोर कार्रवाई किए जाने घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य उपलब्ध साक्ष्यों की तत्काल जांच कर आरोपियों की शीघ्र पहचान किए जाने, शहरी क्षेत्रों में नियमित पुलिस गस्त बढ़ाने की मांग की है।

## करीब दो सप्ताह बाद बादल मेहरबान, कवर्धा सहित अंचल में फिर शुरू हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

करीब दो सप्ताह के लंबे अंतराल और भारी इंतजार के बाद आखिरकार कवर्धा सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया है। गुरुवार शाम से मौसम ने करवट बदली और आसमान में छाए बादलों ने रुक-रुककर बारिश शुरू कर दी।

बारिश के लौटने से जहां लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली है, वहीं बारिश की कमी से चिंतित किसानों ने भी राहत की सांस ली है। उल्लेखनीय है कि जून माह के अंतिम सप्ताह से लेकर जुलाई के शुरुआती दिनों तक जिले में अच्छी बारिश दर्ज की गई थी। लगातार हुई झमाझम बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी बनी हुई थी और किसानों ने धान की खेती की तैयारियां भी तेज कर दी थीं। लेकिन जुलाई के पहले सप्ताह के बाद अचानक बारिश थम गई और मौसम पूरी तरह शुष्क हो गया। तेज धूप और बढ़ती उमस ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया था।



पिछले डेढ़ सप्ताह से प्रतिदिन सुबह से ही तेज धूप निकल रही थी। दिनभर गर्मी और उमस के कारण लोग बेहाल रहे।

इस दौरान कई बार आसमान में बादल तो छाए, गरज भी सुनाई दी, लेकिन बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही थी। सबसे अधिक चिंता उन किसानों को सता रही थी, जिन्होंने धान की बुआई या रोपाई की तैयारी कर ली थी। पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण खेतों में नमी कम होने लगी थी और कृषि कार्य प्रभावित होने की आशंका बढ़ रही थी। किसान लगातार आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच गुरुवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली और एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया है।

#### धान के लिए राहत की बारिश

लगातार बारिश नहीं होने से धान की रोपाई प्रभावित होने की आशंका बढ़ रही थी। कई किसानों ने नर्सरी तैयार कर ली थी, लेकिन खेतों में पर्याप्त पानी नहीं होने के कारण रोपाई शुरू नहीं हो पा रही थी। गुरुवार से शुरू हुई बारिश ने खेतों में दोबारा नमी बढ़ा दी है, जिससे किसानों को खेती के कार्यों में तेजी लाने का अवसर मिलेगा।

#### गर्मी व उमस से मिली बड़ी राहत

करीब डेढ़ सप्ताह तक तेज धूप और उमस ने लोगों को परेशान कर रखा था। दिनभर चिलचिलाती धूप के कारण बाजारों और सड़कों पर भीड़ कम नजर आ रही थी। बारिश शुरू होने के बाद तापमान में गिरावट आई है और वातावरण काफी सुहावना हो गया है। लोगों ने भी बारिश का स्वागत करते हुए राहत महसूस की है।

## 2 अक्टूबर तक 60 पंचायतों में ओडीएफ प्लस लक्ष्य पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले की 60 ग्राम पंचायतों को 2 अक्टूबर 2026 तक ठोस अपशिष्ट नियम-2026 के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि ओडीएफ प्लस की सफलता की कुंजी स्वच्छग्रही हैं। ये सिर्फ कचरा नहीं उठाते, गांव को स्वच्छता का ज्ञान भी देते हैं।

उन्होंने बताया कि स्वच्छग्रही प्रतिदिन घर-घर जाकर चार श्रेणियों में ठोस अपशिष्ट का संग्रहण करने के साथ-साथ ग्रामीणों को सोर्स सेग्रीगेशन, गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण, खतरनाक एवं विशेष कचरे के सुरक्षित निपटान, जैविक खाद निर्माण तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी भी दे रहे हैं। सीईओ अग्रवाल ने बताया कि स्वच्छग्रही घर-घर कचरा संग्रहण एवं चार श्रेणियों में पृथक्करण, स्वच्छता, ओडीएफ प्लस की स्थायित्व एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जनजागरूकता, कचरा प्रसंस्करण केंद्रों के संचालन एवं रख-रखाव, सार्वजनिक स्थानों, नालियों एवं बाजारों की नियमित साफ-सफाई एवं निगरानी के साथ-साथ भोजन करने से पहले तथा शौच के बाद साबुन से हाथ धोने जैसी स्वच्छ आदतों के प्रति भी ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शौचालय निर्माण के साथ-साथ स्लज का सुरक्षित निपटान और ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक उपचार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के अनिवार्य घटक हैं।

## सेवा-सेतु पोर्टल के माध्यम से बनेंगे नए राशन कार्ड, प्रक्रिया ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आम नागरिकों को सरल एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए छत्तीसगढ़ राशनकार्ड नियम-2016 तथा छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम-2012 के तहत अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित एवं निःशक्तजन राशन कार्ड के नवीन आवेदन, राशन कार्ड में सदस्य जोड़ने तथा सदस्य विलोपन की प्रक्रिया को सेवा-सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन संचालित किया जा रहा है।

अब जिले के नागरिक लोक सेवा केंद्रों के साथ-साथ स्वयं भी सेवा-सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जिले के सभी नगरीय निकायों एवं विकासखंडों में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे तथा आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अंत्योदय राशन कार्ड के लिए पात्र आवेदकों को अपनी पात्रता के अनुसार संबंधित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

इनमें विशेष पिछड़ी जनजातियों के जाति प्रमाण-पत्र, विधवा अथवा एकाकी महिला, गंभीर असाध्य बीमारी से पीड़ित, दिव्यांग, निराश्रित, विमुक्त बंधुआ मजदूर तथा आवासहीन व्यक्तियों से संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र शामिल हैं। इसी प्रकार प्राथमिकता राशन कार्ड के लिए भूमिहीन कृषि मजदूर, सीमांत एवं लघु कृषक, असंगठित श्रमिक तथा पंजीकृत निर्माण श्रमिक श्रेणी के आवेदकों को संबंधित सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। लोक सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन करने पर हितग्राही को 30 रुपये निर्धारित सेवा शुल्क का भुगतान करना होगा।

ऑनलाइन आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेज अपलोड होने के बाद आवेदक को आवेदन रसीद क्रमांक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे आवेदन की स्थिति का पता लगाया जा सकेगा। प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों का संबंधित सत्यापन अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ राशनकार्ड नियम-2016 के प्रावधानों के अनुसार परीक्षण एवं सत्यापन किया जाएगा।

## मुंह में राम, जेब में चंदा, यही भाजपा का धंधा: सुरेन्द्र शर्मा

### रामभक्तों की श्रद्धा सर्वोपरि है: नवीन जायसवाल




- जिला कांग्रेस ने चंदा चोरी को लेकर की प्रेसवार्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा द्वारा कांग्रेस भवन में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रेस वार्ता प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने भाजपा आरएसएस एवं केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए राम मंदिर में सामने आए कथित चढ़ावा एवं वित्तीय अनियमितताओं को देश की करोड़ों जनता की आस्था के साथ विश्वासघात बताया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने वर्षों तक भगवान श्रीराम के नाम पर राजनीति कर सत्ता प्राप्त की। देश के गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने अपनी मेहनत की कमाई, गहने और बचत भगवान राम के मंदिर निर्माण के लिए समर्पित किए, लेकिन आज वही लोग यह जानना चाहते हैं कि भगवान राम के नाम पर एकत्रित चंदा और चढ़ावा आखिर कहां गया? उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक अनियमितता नहीं, बल्कि करोड़ों रामभक्तों की आस्था, विश्वास और भावनाओं के साथ किया गया घोर विश्वासघात है।

भाजपा ने पहले राम मंदिर निर्माण के नाम पर चंदे में सवाल खड़े किए और अब चढ़ावे में कथित गड़बड़ियों के आरोप सामने आ रहे हैं। यह राम के नाम पर राजनीति और आस्था के नाम पर लूट का सबसे बड़ा उदाहरण बन गया है। श्री शर्मा ने कहा कि यदि सब कुछ पारदर्शी था तो ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारियों के इस्तीफे क्यों हुए? यदि कोई अनियमितता नहीं हुई तो सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच से डर किस बात का है? छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर बड़े लोगों को बचाने का प्रयास क्यों किया जा रहा है? उन्होंने आरोप लगाया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के गठन और उसकी प्रशासनिक संरचना में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह इस पूरे मामले में अपनी नैतिक जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा ने भगवान राम को भी राजनीतिक लाभ का माध्यम बना दिया है।

प्रेस वार्ता कार्यक्रम में प्रमुखरूप रूप से शहर अध्यक्ष अशोक सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता विकाश केशरी, भीषण पांडेय, आकाश केशवानी, हितेंद्र ठाकुर, मेहुल सत्यवंशी, नंदराम पाटिल, तुषार वर्मा अजित साहू, लक्ष्मण यादव आशीष साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### केन्द्र सरकार से पूछे तीखे सवाल

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने केन्द्र सरकार से सवाल करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पूरे प्रकरण पर अब तक मौन क्यों हैं?, यदि सब कुछ सही था तो शीर्ष पदाधिकारियों के इस्तीफे क्यों हुए?, केवल छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर बड़े लोगों को बचाने का प्रयास क्यों किया जा रहा है?, क्या केंद्र सरकार सच्चाई सामने आने से डर रही है?, क्या करोड़ों श्रद्धालुओं के चढ़ावे और दान का पूर्ण हिसाब देश के सामने रखा जाएगा?

**नकली खाद बिक्री को लेकर मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

# मांगों को लेकर किसानों ने किया जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के किसानों की सात सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को भारतीय किसान संघ ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में किसानों के साथ उप संचालक कृषि विभाग कार्यालय, कवर्धा का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने शासन और कृषि विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय प्रशासन को सौंपा।

प्रदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे किसानों ने खाद, बीज, फसल बीमा और कृषि विभाग की कार्यप्रणाली से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जिले में नकली खाद और अधिक कीमत पर खाद बेचने का खेल खुलेआम चल रहा है, जिससे किसान आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं।

किसानों को शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है और कई निजी दुकानदार निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूल रहे हैं। संगठन ने मांग की कि जिले की सभी खाद दुकानों से खाद के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने वाले दुकानदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएं।

किसान संघ ने आरोप लगाया कि कृषि विभाग इस पूरे मामले में प्रभावी निगरानी करने में विफल रहा है। इसी कारण जिले के सभी निजी कृषि केंद्रों में कृषि विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने की मांग की गई ताकि किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो सके। प्रदर्शन के दौरान संगठन ने सहायक संचालक कृषि अखिलेश दुबे को हटाने की भी मांग की।

पदाधिकारियों का कहना था कि किसानों की समस्याओं के समाधान में विभागीय स्तर पर गंभीरता दिखाई नहीं जा रही है, जिससे किसानों में लगातार असंतोष बढ़ रहा है। फसल बीमा को लेकर भी किसान संघ ने गंभीर सवाल उठाए।

#### फसल बीमा गड़बड़ी की जांच और लंबित भुगतान बना प्रमुख मुद्दा



भारतीय किसान संघ ने आरोप लगाया कि पिछले खरीफ सीजन में हजारों हेक्टेयर गन्ने की फसल का धान के नाम पर बीमा कराकर करोड़ों रुपये का प्रीमियम किसानों और शासन से वसूला गया। संगठन ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषियों पर कार्रवाई करने तथा इस वर्ष केवल वास्तविक धान फसल वाले खसरों का ही बीमा किए जाने की मांग की। साथ ही खरीफ एवं रबी सीजन के पात्र किसानों को लंबित बीमा क्षतिपूर्ति राशि तत्काल जारी करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।